भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3296**

उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**यूडीआईएसई+ के तहत स्थापित स्कूल**

†3296. **श्री विजय कुमार दूबे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से अब तक स्थापित नये विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास वर्ष 2014-15 से यूडीआईएसई+ में देश में स्थापित नये विद्यालयों की संख्या के बारे में कोई आंकड़ा है; और
(ग) यदि हां, तो प्रबंधन-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दिए गए स्कूल शिक्षा के संकेतकों पर डेटा रिकॉर्ड करने हेतु शिक्षा के लिए (यूडाइज़+) एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस विकसित की है। यूडाइज़+ के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक स्थापित स्कूलों की प्रबंधन-वार संख्या नीचे दी गई है:

| वर्ष | स्थापित स्कूलों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सरकारी | सरकारी सहायता प्राप्त | निजी गैर सहायता प्राप्त | अन्य | कुल |
| 2014-15 to 2021-22 | 21,627 | 262 | 75,280 | 9,337 | 1,06,506 |

*****